वर्ष: 14 - अंक : 164, मुंबई, सोमवार, 26 अगस्त, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल


भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## टेलीग्राम के संस्थापक पावेल ड्यूरोव फ्रांस में गिरफ्तार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** सोशल मीडिया ऐप टेलीग्राम के 39 वर्षीय संस्थापक पावेल ड्यूरोव को फ्रांस सरकार ने पेरिस के बाहर एक एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया है। टेलीग्राम पर संयम की कमी के आरोप में पावेल ड्यूरोव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। टेलीग्राम का इस्तेमाल कथित तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग तस्करी और पीडोफिलिक सामग्री साझा करने जैसे विभिन्न अपराधों के लिए भी किया जाता है। सीएनएन से संबद्ध बीएफएमटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांसीसी सीमा शुल्क से जुड़े फ्रांस के धोखाधड़ी-रोधी कार्यालय के अधिकारियों ने फ्रांसीसी-रूसी अरबपति पावेल डुरोव को शनिवार शाम को हिरासत में ले लिया, जब वह अजरबैजान से उड़ान पर बॉर्गेट हवाई अड्डे पर पहुंचे। बीएफएमटीवी के अनुसार, गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद से टेलीग्राम संस्थापक नियमित रूप से फ्रांस और यूरोप की यात्रा नहीं कर रहे थे।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## चुनाव के पहले महाराष्ट्र सरकार का मास्टर स्ट्रोक

### UPS लागू करने वाला पहला राज्य बना



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** केंद्र सरकार के फैसले के बाद अब महाराष्ट्र सरकार ने भी राज्य कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को मंजूरी दे दी है। रविवार को हुई बैठक में शिंदे कैबिनेट ने यूपीएस को हरी झंडी दे दी है। राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार ने इसी साल यानी मार्च 2024 से ही यूपीएस को लागू करना का फैसला किया है। सरकार के इस फैसले का लाभ कई लाख कर्मचारियों को मिलेगा। इसी के साथ महाराष्ट्र सरकार यूपीएस को लागू करने वाला पहला राज्य भी बन गया है। महाराष्ट्र में हुई कैबिनेट की बैठक में यूपीएस के साथ 19 बड़े फैसले लिए गए।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गए बड़े फैसले

- इसी साल मार्च से राज्य में यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू होगी। राज्य के सभी कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा।
- राज्य के अधिकतर किसानों को दिन में निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की स्कीम को मंजूरी।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य में ग्रुप प्रमोटर के परी श्रमिकों की संख्या में 4 हजार की बढ़ोतरी की जाएगी।
- ओलंपिक में भारत को पहला व्यक्तिगत पदक दिलाने वाले खाशाबा जाधव कुश्ती परिसर के कार्य को गति।
- बिजली वितरण कंपनी को बकाया ऋण के लिए सरकारी गारंटी
- सरकारी कर्मचारियों के तबादले 30 अगस्त तक
- वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक निगम स्थापित करने का निर्णय
- मुंबई महानगर में रुकी हुई झुग्गी बस्ती पुनर्वास योजना को तेजी से पूरा करने का लक्ष्य

### *इस साल के अंत में होने हैं विधानसभा चुनाव*

*महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में राज्य की शिंदे सरकार दनादन फैसले ले रही है। माना जा रहा है कि सरकार ने यूपीएस को मंजूरी देकर कर्मचारी वर्ग के तबके को बड़ी राहत देने का काम किया है। विपक्षी पार्टियां पहले से ही पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करने की मांग कर रही है। यूपीएस के लागू होने के बाद कहीं न कहीं सरकार ने विपक्षी की ओर से उठ रहे मुद्दे को दबाने का प्रयास भी किया है।*



## पीने के पानी की आपूर्ति सुरक्षित

## मुंबई की झीलों में 95.36% जलस्तर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई की झीलें 95.36 प्रतिशत क्षमता तक पहुँच गई हैं, जिससे शहर के लिए पीने के पानी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। मुंबई के सात जलाशयों में जल स्तर 95.36 प्रतिशत तक पहुँच गया है, जो शहर को पीने का पानी उपलब्ध कराते हैं। यह जानकारी सोमवार को बीएमसी ने दी. बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के आंकड़ों के अनुसार, मुंबई की झीलों में सामूहिक जल भंडार वर्तमान में 13,80,266 मिलियन लीटर है, जो क्षमता का 95.36 प्रतिशत है। मुंबई को तुलसी, तानसा, विहार, भटसा, मोदक सागर, अपर वैतरणा और मध्य वैतरणा से पानी मिलता है। मुंबई की झीलों पर नगर निकाय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, तानसा में जल स्तर 98.6 9 प्रतिशत है। मोदक-सागर में 100 प्रतिशत जल भंडार उपलब्ध है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## डब्बावाला एसोसिएशन ने एमएमआरडीए से की बड़ी मांग

### *बोले- लोकल की तरह मोनो और मेट्रो ट्रेन में हो लगेज डिब्बा*

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई की आबादी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लोकल ट्रेनों के भीड़ की तस्वीर किसी से नहीं छिपी है। इसी भीड़ को नियंत्रित करने के दृष्टिकोण से मुंबई में मोनो लाई गई थी, जिसके बाद अब मेट्रो का जाल बिछाया जा रहा है। वर्तमान में मुंबई में 3 और नवी मुंबई में एक मेट्रो लाइन चल रही है। मेट्रो में लोगों के लिए कई आरामदायक व्यवस्था दी गई है। लेकिन मुंबई के डब्बे वालों का मानना है कि मुंबई सिर्फ कॉर्पोरेट लोगों की ही नहीं है, बल्कि आम इंसान और डिब्बे वालों की भी है, जो लोगों तक खाना पहुंचाते है। लोकल ट्रेनों में तो लगेज का डिब्बा दिया हुआ है। (शेष पृष्ठ 3 पर)





### कैसे काम करते है डब्बावाले

डब्बावाला एसोशिएशन के कर्मचारी आपके घर से घर बना खाने का टिफिन आपके ऑफिस या काम करने वाली जगह पर पहुंचाते है। डब्बावाले पूरे मुंबई में 3 घंटे में खाना पहुंचाते हैं। इस अवधारणा का उपयोग करते हुए डब्बावालों ने आपके पार्सल को उसी दिन पहुंचाने के लिए नई तकनीकों का उपयोग करते हुए नया ऐप 'पेपर्स और पार्सल' शुरू किया है।

## हमारी बात

### बच्चों की सुरक्षा कैसे?

**बदलापुर की घटना ने पोक्सो के असर पर बहस छेड़ दी है। बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए ये कानून 2012 में बना था। लेकिन साफ है कि इस कानून पर उचित अमल सुनिश्चित करने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है।**

बॉम्बे हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद बदलापुर कांड को लेकर आयोजित विपक्ष का महाराष्ट्र बंद टल गया, लेकिन इस घटना को लेकर राज्य में फैले आक्रोश पर विराम नहीं लगा है। इस घटना से जाहिर हुआ कि स्कूलों में बच्चियों की सुरक्षा आज भी कितनी लचर है। यह टिप्पणी खुद अदालत ने की है कि स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती, तो फिर शिक्षा के अधिकार का क्या मतलब रह जाता है। महाराष्ट्र में ठाणे के बदलापुर में स्थित एक स्कूल में प्री-प्राइमरी क्लास में पढ़ने वाली चार साल की दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न होने की खबर आई। बताया जाता है कि ये घटना स्कूल के टॉयलेट में 12 और 13 अगस्त को हुई। यौन उत्पीड़न का आरोप स्कूल में काम करने वाले क्लीनर अक्षय शिंदे पर लगा। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करने में देरी की। पुलिस ने 16 अगस्त को जाकर एफआईआर दर्ज की। उसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। ये खबर फैलते ही बदलापुर में जन आक्रोश भड़क उठा। हजारों लोगों की भीड़ ने इंसाफ की मांग करते हुए वहां के रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया, जिस वजह से घंटों तक ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया और कुछ लोग गिरफ्तार किए गए, जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस घटना ने प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेन्स एक्ट (पॉक्सो) के असर पर बहस छेड़ दी है। नाबालिग बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षित रखने के लिए ये कानून 2012 में बनाया गया था। लेकिन साफ है कि इस कानून पर उचित अमल सुनिश्चित करने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। पॉक्सो बहुत कठोर कानून है, लेकिन ट्रेनिंग और जागरूकता के लिहाज से जो होना चाहिए, वह नहीं हो पाया रहा है। हर ऐसी वीभत्स घटना के बाद अधिक सख्त कानून की मांग उठती रही है। 2012 के बाद ऐसे कई कानून बनाए गए। लेकिन उन कानूनों पर अमल सुनिश्चित ना हो, तो उनकी उपयोगिता क्या रह जाएगी? बदलापुर की घटना ने फिर ये सवाल हमारे सामने ला खड़ा किया है।

# टीएमयू की फैकल्टी रूपल गुप्ता को आईटी में पीएचडी अवार्ड

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**तीर्थंकर** महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी की फैकल्टी श्री रूपल गुप्ता को गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, नयी दिल्ली की ओर से इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में पीएचडी अवार्ड की गयी है। श्री गुप्ता ने सेमेंटिक वेब एंड क्वेरी ऑप्टिमाइजेशन पर अपना शोध कार्य गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, नयी दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार मलिक के मार्गदर्शन में पूरा किया है। श्री रूपल गुप्ता की

TMU MORADABAD — Accredited with NAAC A Grade — 12-B Status from UGC



इस उपलब्धि पर सीसीएसआईटी के निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। श्री रूपल गुप्ता ने अपने शोध के दौरान तीन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में शोध पेपर्स प्रस्तुत किए हैं। साथ ही एससीआई एवम् स्कोपस इंडेक्स्ड जर्नल्स में भी चार शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं। अब तक श्री गुप्ता की झोली में 21 अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र और एक पेटेंट शामिल हैं। श्री रूपल ने बताया, सेमैंटिक वेब और क्वेरी ऑप्टिमाइजेशन आजकल वेब खोज इंजन्स और उपयोगकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण है। इस शोध का मुख्य उद्देश्य उपयोगकर्ताओं की खोज अनुभूति को सुधारना है। साथ ही वेब पृष्ठों की सामग्री का सटीक जवाब प्रदान करना है।

# 'मोटापे से बचने के लिए चिंता मुक्त जीवन जरूरी'

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** मोटापा किस तरह हर किसी को अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है, इसे देखकर ऐसा लगता है कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं होगा जो मोटापे से पीड़ित नहीं होगा. द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत भीड़ भरे मधुबनी स्टेशन पर हजारों यात्रियों को संबोधित करते हुए मुहम्मद सादिक अब्दुल आलम अंसारी नुजहत वायलेंस कोचिंग सेंटर ने कहा कि यह जीवनशैली में बदलाव का नतीजा है कि मोटापा तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रहा है और यह एक ऐसी बीमारी है जो शरीर के सभी अंगों को कमजोर कर देती है, आजकल अधिक संख्या





में पुरुष और महिलाएं मोटापे, उच्च रक्तचाप से प्रभावित हैं। यदि आप मोटापे से परेशान हैं और आप वजन कम करना चाहते हैं और आसानी से वजन कम करना चाहते हैं और घर पर वजन कम करना चाहते हैं अतिरिक्त वजन या चर्बी कम करना चाहते हैं व्यायाम के बिना वजन कम करना चाहते हैं दवाओं के साइड इफेक्ट के बिना वजन कम करना चाहते हैं और अपना पसंदीदा खाना छोड़े बिना वजन कम करें नुजहत वायलेंस कोचिंग सेंटर के निदेशक मुहम्मद सादिक ने कहा कि नुजहत वायलेंस कोचिंग सेंटर का उद्देश्य है कि हर किसी को मोटापे के बारे में पता चले और यह जागरूकता अभियान शहर और गांव में चलाया जाए, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निजहत कोचिंग सेंटर के निदेशक मुहम्मद सादिक अब्दुल आलम ने आप सभी से विनम्र अनुरोध किया है कि इस निःशुल्क अभियान से लाभान्वित हों और अपने आसपास के लोगों को इसकी सूचना दें।

# चौथा सालाना फैजाने आला हजरत कॉन्फ्रेंस 25 अगस्त को सुन्नी रजा कमेटी की तैयारी पूरी जनाब रेयाज खान कादरी साहब

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** आला हजरत इमाम अहले सुन्नत इमाम अहमद रजा खान फाज़िले बरेलवी के उर्स-ए-पाक के अवसर पर, सुन्नी रजा कमेटी द्वारा हर साल की तरह इस साल भी चौथे वार्षिक फैजान आला हजरत कॉन्फ्रेंस का आयोजन मोहल्ला फैजुल्लाह खान खान चौक पर होने जा रहा है जिसमें देश के जाने-माने विद्वान और शायर आ रहे हैं, कॉन्फ्रेंस की सरपरस्ती पीरे तरिकत हजरत अल्लामा मौलाना अलहाज सैयद शमसुल्लाह जान मिस्बाही बाबू हुजूर करेंगे और कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता बाबू हुजूर के साहबजादे हजरत मौलाना सैयद नुरुल अमीन साहब करेंगे कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए खतीबे हिंदुस्तान हजरत मौलाना शब्बीर अश्तर मधुबनी खतीब हजरत मौलाना अल्हाज अब्दुल अल्लाम मिस्बाही हजरत मौलाना हशमत रजा



मिस्बाही हजरत मौलाना मुफ्ती हामिद रजा हजरत मौलाना रजाउल मुस्तफा मिस्बाही, हजरत मौलाना एहतेशाम अमजदी, हजरत हाफिज व कारी डॉ. कामरान अहमद खान, हजरत मौलाना फैसल रजा बरकाती मौलाना बशीरूल होदा के अलावा बहुत सारे इलाकाई उलेमा तशरीफ ला रहे हैंनात शरीफ की खुशबू बिखरने के लिए शायरे हिंदुस्तान रजा हुसैन कलकतवी बुलबुल दरभंगा शहंशाहे तरन्नुम रियाज खान कादरी नातख्वाने रसूल डॉ. अहमद रहमानी बुलबुल बाग मदीना मौलाना अमन नवाज खान मद्दाहे रसूल हाफिज सरफराज रजा फैजी नातख्वाने रसूल अजमत रजा नातख्वाने हबीब किबरिया हाफिज अमीर आजम बुलबुल बागे रजा अफजल खान को सफल बनाने के लिए रजा अफजल खान तशरीफ ला रहे हैं सन्नी राजा कमेटी कॉन्फ्रेंस को कामयाब करने के लिए काफी मेहनत कर रही है कमेटी अध्यक्ष डॉ अहमद रहमानी और सचिव मौलाना अमन नवाज खान ने तमाम लोगों से निवेदन किया है कि ज्यादा से ज्यादा तादाद में आज कॉन्फ्रेंस में तशरीफ लाएं और कॉन्फ्रेंस को कामयाब बनाएं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# 11 मरीजों की मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी, कोंकण संस्था ने हजारों जरूरतमंद लोगों को अंधे होने से बचाने का संकल्प लिया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कोंकण** कला व शिक्षण विकास संस्था के माध्यम से और पंत वालावलकर अस्पताल डेरवन के सहयोग से सुलोचना परियोजना के तहत आज 11 जरूरतमंद मरीजों का मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। सिंधुदुर्ग जिले में हर साल १०.००० हजार से ज्यादा मरीज मोतियाबिंद से प्रभावित होते हैं। कोंकण संस्था गरीब और जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी प्रदान करने की पहल करती है, जिनके पास स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं या कई बार परिवार और रिश्तेदार वित्तीय स्थिति के कारण पहल नहीं करते हैं और कई ग्रामीण मरीज अपनी स्थिति के कारण




सर्जरी कराने में असमर्थ होते हैं। कोंकण संस्था का इरादा अगले कुछ महीनों में सिंधुदुर्ग जिले के १२०० जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी प्रदान करने और उन्हें नई दृष्टि प्रदान करने का है। क्योंकि मोतियाबिंद न केवल सिंधुदुर्ग या महाराष्ट्र में बल्कि दुनिया भर में दृश्य हानि का प्रमुख कारण है। धुंधली दृष्टि, रंगों की तीव्रता में परिवर्तन, और दृष्टि के केंद्र में धुंधलापन जैसे लक्षण पैदा करना; यह उम्र बढ़ने, चोटों, मधुमेह और कुछ दवाओं के दुष्प्रभावों के कारण हो सकता है, इसलिए मोतियाबिंद का शीघ्र निदान और शीघ्र उपचार आवश्यक है। कोंकण कला ० शिक्षण विकास संस्था विशेषज्ञ डॉक्टरों की मदद से गांव-गांव नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करता है और जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त आवश्यक उपचार प्रदान करने का प्रयास करता है। कोंकण संस्था के अध्यक्ष दयानंद कुबल ने कहा कि कोंकण संस्था की इस पहल के माध्यम से प्रौद्योगिकी और स्थानीय स्वास्थ्य प्रणाली के सहयोग से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा कि जिले में कोई भी मरीज मोतियाबिंद के कारण अंधकारमय जीवन न जीए। इस अवसर पर दयानंद कुबल ने अपील की कि यदि आपको अपने गांव में कोई जरूरतमंद मरीज मिले तो आप कोंकणसंस्था (९०२२१७९५२५) से संपर्क करें और उन्हें नई दृष्टि देने में मदद करें।

# 24/8/2024, गेट नंबर 7 मालवानी मलाड वेस्ट से निकलने वाला कदीमी चेहल्लुम का जुलूस गेट नंबर 7 से उठकर गेट नंबर 5 पर जाकर समाप्त हुआ

**मुंबई।** जुलूस.ए.चेहल्लुम के लिए हजारों मातमी या हुसैन या हुसैन की सदा के साथ चलते रहे इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत सम्पूर्ण मानवता के लिए थी ए मुसलमानों अल्लाह और इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का शुक्र अदा करो कि उन्होंने उस वक्त इमाम होने के बावजूद तुम्हें जिहाद का हुक्म नहीं दिया, वर्ना तुम और तुम्हारे कबीले किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं रहते। उन्होंने अपने खुत्बे में हिन्दुस्तान जाने की भी ख्वाहिश की मगर यजीदी फौज ने उनके सर को कलम कर उन्हें शहीद कर दिया। जिसकी जितनी निन्दा की जाएं कम है यजीदी फौज का यह कृत्य ताअ क्यामत तक माफी के योग्य नहीं है। मानव इतिहास में सत्य और धर्म की रक्षा के किये दो महान युद्ध लड़े गये-

पहली जंग हजारों साल पहले भारत के दक्षिण में हिन्द महासागर के पार जहाँ भगवान श्री राम ने असत्य/अधर्म और अहँकार के प्रतीक रावण का वध कर विजय श्री प्राप्त की और सनातन धर्म,संस्कृति को पल्लवित किया ।

दूसरी जंग मध्य एशिया में ईराक के कर्बला में 10 मोहर्रम हिजरी सन 61(10 अक्टोबर 680 ईस्वी) में ईमान और इंसानियत के हामी मसीहा हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन और जुल्म और अधर्म के प्रतीक जालिम बादशाह यजीद के बेशुमार लश्कर के बीच में हुई। यद्यपि इस दूसरी जंग में हजरत ईमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और उनका पूरा खानदान शहीद हुआ पर उनकी शहादत ने अरब जगत ही नहीं बल्कि सारी दुनिया में इंसानियत,सच और मानवीय मूल्यों की प्रतिस्थापना कर इस्लाम को रहती दुनिया तक के लिए सुर्खरु कर दिया। हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत और कर्बला के पूरे वाकये को समझने के लिए हमें अतीत में लगभग 1400 साल पहले लौटना होगा। आठ जून, 632 ई. को पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब सल्लाहु अलैहे वसल्लम के इंतकाल(देहान्त)



के बाद उनके और उनके दीन के दुश्मन धीरे-धीरे फिर हावी होने लगे। उन्हें लगा है कि यही वह अवसर है जब इस्लाम को उसकी शैशवावस्था में ही कुचल कर अरब के रेगिस्तानों में दफन किया जा सकता है।

पहले दुश्मनों ने मोहम्मद साहब की बेटी मानवता की मां देवी तुल्य जनाबे सैय्यादा फातिमा जहरा सलाम उल्लाह अलैहा के घर पर हमला किया, जिससे घर का दरवाजा टूटकर जनाबे सैय्यादा फातिमा जहरा सलाम उल्लाह अलैहा पर गिरा और 28 अगस्त, 632 ई. को वह इस दुनिया से चली गईं। कुछ वर्षों बाद मौका मिलते ही दुश्मनों ने मस्जिद में नमाज पढ़ते समय मोहम्मद साहब सल्लाहु अलैहे वसल्लम के दामाद हजरत अली अलैहिस्सलाम के सिर पर जहर बुझी तलवार मार कर इब्ने मुलजिम नामक हत्यारे आतंक वादी ने उन्हें शहीद कर दिया। उसके बाद दुश्मनों ने हजरत मोहम्मद साहब सल्लाहु अलैहे वसल्लम के बड़े नाती को सुलह करने के बाद सत्ता पर काबिज होकर हजरत इमाम हसन अलैहिस्सलाम को सत्ता धारियों ने साजिश रचकर जहर देकर शहीद किया। दुश्मन हजरत मोहम्मद साहब सल्लाहु अलैहे वसल्लम के पूरे परिवार यानि उनके अहलेबैत अलैहिस्सलाम खानदाने बनी हाशिम और इस्लाम को खत्म करना चाहते थे, इसलिए उसके बाद वे हजरत मोहम्मद साहब सल्लाहु अलैहे वसल्लम के छोटे नाती हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम पर दबाव बनाने लगे कि वह उस समय के स्वयम्भू और साजिश षड्यंत्र कारी बादशाह और जबरन खलीफा बने जालिम 'यजीद' मलऊन का समर्थन करे और उसे खलीफा कुबूल करें। यजीद जो कहे उसे इस्लाम में शामिल करें और जो वह इस्लाम से हटाने को कहे वह इस्लाम से हटा दें। यानी हजरत मोहम्मद साहब सल्लाहु अलैहे वसल्लम के बनाए हुए दीन 'इस्लाम' को बदल दें।

# कानपुर में जोरों पर कन्हैया का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारियां

**कानपुर।** यहां पूर्ण परमेश्वर कर्म योगी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों पर चल रही है। आज 26 अगस्त को उनके इस जन्म उत्सव को भव्य तरीके से मनाने के लिए इस्कान और जे के मंदिर जैसे प्रतिष्ठित मंदिरों में हर तरह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने की इन्हीं तैयारियों के तहत आस्था के केंद्र अति प्राचीन व ऐतिहासिक जनपद देहात के बुधौली में स्थित हरदेव जी, रसधान में स्थित केशवदेव जी के मंदिरों के अलावा कहिंजरी का राधा कृष्ण मंदिर में भव्य श्रंगार के साथ तैयारियां अंतिम चरण में हें। इन मंदिरों में अब कान्हा के आगमन का इंतजार है। क्षेत्रीय ग्रामीणों के मुताबिक सिकंदरा तहसील क्षेत्र के बुधौली गांव में हरदेव जी व रसधान कस्बे में केशवदेव जी महाराज के गुप्त कालीन मंदिर लोगों की आस्था व आराधना के प्रमुख केंद्र हैं। किवदंती के अनुसार रसधान नरेश अनूप गिरि के कार्यकाल में 1804 ईसवीं में रसधान व बुधौली में मंदिरों का निर्माण कराया था। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर इन मंदिरों में ऊं नमो भगवते वासुदेवाय का जप करने व विशेष पूजन से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। रसधान नरेश का यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था व आराधना का केंद्र है। इधर रसूलाबाद तहसील क्षेत्र कहिजरी गांव स्थित 150 वर्ष पुराना राधा कृष्ण मंदिर भी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां के सेठ राम नारायण ने अपनी पूरी संपत्ति इस मंदिर के निर्माण में लगा दी थी। यहां जन्माष्टमी के मौके पर यहां एक पखवारे तक भजन कीर्तन होता है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### टेलीग्राम के संस्थापक पावेल ड्यूरोव फ्रांस में गिरफ्तार

मॉस्को टाइम्स ने फ्रांसीसी स्थानीय का हवाला देते हुए बताया कि फ्रांसीसी सरकार के अधिकारियों ने ड्रग तस्करी, बच्चों के खिलाफ अपराध और धोखाधड़ी और टेलीग्राम में संयम की कमी के कारण कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग करने में विफलता के आरोप में ड्यूरोव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मीडिया टेलीग्राम के रूसी मूल के संस्थापक पावेल ड्यूरोव के अनुसार, ऐप के 900 मिलियन से अधिक यूजर्स हैं।

### चुनाव के पहले महाराष्ट्र सरकार का मास्टर स्ट्रोक

इसमें नार-पार-गिरणा नदी जोड़ परियोजना के लिए 7 हजार 15 करोड़ रुपए की स्वीकृति, किसानों को दिन में निर्बाध बिजली स्कीम, सहकारी चीनी मिलों को सरकारी गारंटी के तहत ऋण की अदायगी भी शामिल है। सरकार ने राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक निगम स्थापित करने का भी फैसला लिया है। इस फैसले से राज्य के करीब 50 लाख वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा। एक दिन पहले यानी शनिवार को मोदी सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए पेंशन की नई व्यवस्था यूपीएस को मंजूरी दी थी। केंद्र सरकार ने ऐलान किया कि कर्मचारियों को कम से कम 25 साल तक नौकरी करने के बाद बेसिक सैलरी का 50 फीसदी पेंशन दिया जाएगा। इसके अलावा कम 10 साल की नौकरी करने वाले कर्मचारियों को हर महीने 10 हजार रुपए पेंशन दिया जाएगा। इसके साथ अगर किसी कर्मचारी की नौकरी के दौरान मौत हो जाती है उसके परिवार को भी पेंशन देने की व्यवस्था की गई है।

### मुंबई की झीलों में 95.36% जलस्तर

मध्य वैतरणा में 97.64 प्रतिशत, ऊपरी वैतरणा में 92.99 प्रतिशत, भटसा में 93.76 प्रतिशत, विहार में 100 प्रतिशत तथा तुलसी में 100 प्रतिशत उपयोगी जलस्तर उपलब्ध है. भारी बारिश के कारण मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाली एक और झील, मध्य वैतरणा झील, 4 जुलाई को ओवरफ्लो होने लगी. लगातार भारी बारिश के कारण 25 जुलाई को विहार और मोदक सागर झीलें भर गईं. 24 जुलाई को शाम 4 बजे के आसपास, तानसा झील ओवरफ्लो होने लगी, जिससे एक ही दिन में सभी सात जलाशयों में संग्रहीत पानी की मात्रा 17 दिनों तक बढ़ गई. ठाणे के शाहपुर क्षेत्र में स्थित तानसा झील से मुंबई को लगभग 400 मिलियन गैलन पानी की आपूर्ति की जाती है. 26 जुलाई, 2024 को यह ओवरफ्लो हो गई. नगर निकाय के अनुसार, बीएमसी को सीधे पानी देने वाली दो झीलों में से एक, तुलसी झील, 20 जुलाई को सुबह लगभग 8:30 बजे ओवरफ्लो होने लगी, जो पिछले साल इसी दिन दोपहर 1:28 बजे हुई घटना की नकल है. इस बीच, मुंबई और उसके पड़ोसी ठाणे और पालघर जिलों में आज भारी बारिश होने की उम्मीद है. रविवार को मौसम विभाग ने ठाणे में भारी से बहुत भारी बारिश का पूवानुमान लगाते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया.

### डब्बावाला एसोसिएशन ने एमएमआरडीए से की बड़ी मांग

इस वजह से डिब्बे वालों को काफी सहूलियत होती है। लेकिन मुंबई की मोनो और मेट्रो में यह व्यवस्था नहीं दी गई है। डिब्बे वालों ने यह मांग की है कि लोकल ट्रेनों की तरह मोनो और मेट्रो में भी लगेज डिब्बा दिया जाए, ताकि डिब्बे वालों को भी इसका फायदा मिल सके। मुंबई डब्बावाला एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तालेकर ने एमएमआरडीए कमिश्नर को लिखे पत्र में कहा कि हमारे साहब लोग मोनो और मेट्रो से ऑफिस जा सकते हैं, लेकिन हम उनका टिफिन मोनो या मेट्रो से ऑफिस नहीं ले जा सकते।

# मथुरा में जन्माष्टमी की तैयारियां शुरू, दो दिन तक भव्य उत्सव

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए जुटा जिला प्रशासन

# सुबह की मंगल से लेकर रात्रि जन्म अभिषेक तक कर सकेंगे दर्शन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन जुटा हुआ है। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव का मुख्य आयोजन उनकी जन्मस्थली मथुरा के जन्म स्थान पर होगा।

यहां जन्माष्टमी 26 अगस्त को मनाई जाएगी। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव इस बार ब्रजमंडल में दो दिन मनाया जाएगा। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 26 और 27 अगस्त को मनाई जाएगी। जन्म भूमि पर 26 अगस्त को श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। वहीं श्रीकृष्ण की लीलास्थली कहे जाने वाले वृंदावन में 27 अगस्त को यह त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा।

*भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव इस बार ब्रजमंडल में दो दिन मनाया जाएगा। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 26 और 27 अगस्त को मनाई जाएगी। जन्म भूमि पर 26 अगस्त को श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। वहीं श्रीकृष्ण की लीलास्थली कहे जाने वाले वृंदावन में 27 अगस्त*

मध्य रात्रि को भगवान श्रीकृष्ण का पंचामृत अभिषेक होगा

जन्म स्थान को भव्यता के साथ सजाया व लाइटिंग की

जन्म स्थान तक ई-रिक्शा, गोल्फ कोर्ट रिक्शा से जाना पड़ेगा



### इस बार श्रीकृष्ण का 5251वां जन्म उत्सव

*इस बार भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां जन्म उत्सव मनाया जाएगा, जिसके लिए पूरे मथुरा-वृंदावन में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। श्रीकृष्ण जन्म स्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि इस बार 5251 जन्मोत्सव है तो इस बार कुछ न कुछ खास होगा और इस बार भगवान का जन्म उत्सव बड़े ही भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्म स्थान पर भगवान हर साल की तरह इस साल भी सुबह की मंगल से लेकर रात्रि जन्म अभिषेक तक भक्तों को दर्शन देंगे। वहीं, श्रीकृष्ण जन्म स्थान को भव्यता के साथ सजाया गया है और लाइटिंग लगाई गई है।*

### दो दिन मनाई जाएगी जन्माष्टमी

*मुख्य आयोजन जन्मस्थली मथुरा के जन्म स्थान पर होगा। यहां जन्माष्टमी 26 अगस्त को मनाई जाएगी। मध्य रात्रि को श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर परिसर स्थित भागवत भवन मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का पंचामृत अभिषेक होगा। वहीं विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव 27 अगस्त को मनाया जाएगा और बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी के दिन ही प्रमुख बांके बिहारी की मंगला आरती होती है।*

### निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

*प्राकट्य उत्सव पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद द्वारा निकाली जाने वाली इस शोभा यात्रा के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। श्रीकृष्ण स्थान के मुख्य प्रवेश द्वार से यह यात्रा पोतरा, कुंड गोविंद नगर, महाविद्या कॉलोनी होते हुए डीग गेट पुलिस चौकी पहुंचकर श्रीकृष्ण जन्म स्थान पर इसका समापन होगा।*

### रूट डायवर्जन रहेगा

*श्रीकृष्ण जन्म स्थान के आसपास के इलाके में दो दिन तक रूट डायवर्जन रहेगा। पार्किंग स्थलों पर ही श्रद्धालुओं को गाड़ी खड़ी कर आगे की यात्रा लोकल व्हीकल जैसे ई-रिक्शा, गोल्फ कोर्ट, रिक्शा से करनी पड़ेगी। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्म स्थान के पास चारों दिशाओं से आने वाले वाहनों को रोक दिया जाएगा। वहीं वृंदावन में 32 पार्किंग बनाई जाएगी और सभी श्रद्धालुओं को पार्किंग से आगे गोल्फ कोर्ट या ई-रिक्शा से मंदिरों तक की यात्रा करनी होगी। सभी पार्किंग पॉइंट मंदिरों के पास ही बनाए जा रहे हैं जिससे आने वाले श्रद्धालु अपने आराध्य का जन्मदिन प्रेम पूर्वक और श्रद्धा के साथ मना सकें। आगरा मंडल की आयुक्त ऋतु माहेश्वरी की अध्यक्षता में की गई बैठक में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय के अलावा नगर निगम सहित अधिकारियों ने भाग लिया।*

## खबर संक्षेप

### युवक के पेट से निकला चाकू-चाबी और नेल कटर



**मोतिहारी।** बिहार में मोतिहारी के चांदमारी मोहल्ले में रहने वाले युवक के पेट से चाकू, चाबी और नेल कटर मिला है। युवक के घर वाले उसे एक चिकित्सक के पास ले गए थे। यहां चिकित्सकों ने उसका अल्ट्रासाउंड किया तो पता चला कि युवक के पेट में कई सारी मेटल की चीजें फंसी हुई हैं। डॉक्टरों की राय के बाद परिजन ऑपरेशन के लिए राजी हो गए। करीब एक घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद युवक के पेट से मेटल के सामान मिले।

### देवरिया में 7 वर्ष की बालिका से रेप



**देवरिया।** बिहार के देवरिया जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में रविवार की सुबह एक बच्ची के साथ दूसरे समुदाय के एक युवक ने दुष्कर्म कर दिया। खुखुंदू थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने बच्चों को पढ़ाने के लिए शहर के रामनाथ देवरिया मोहल्ले में किराए पर कमरा लिया है। रविवार की सुबह उनकी सात साल की बच्ची मोहल्ले में ही एक जनरल स्टोर से दूध का पैकेट लेने गई थी। पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है।

## सीएम योगी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम और भक्तिभाव से मनाए जाने के दिए निर्देश

# आयोजनों के दौरान सुरक्षा-सफाई रहे और सतर्कता, समुचित पुलिस प्रबंध हो

*योगी ने जन्माष्टमी पर्व से पूर्व सभी रिजर्व पुलिस लाइंस, पुलिस थानों एवं कारागारों में जन्मोत्सव मनाने के निर्देश दिए*

संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे

महत्वपूर्ण स्थलों पर ड्रोन कैमरा से भी चेकिंग कराएं

सांप्रदायिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी पर्व से पूर्व सभी रिजर्व पुलिस लाइंस, पुलिस थानों एवं कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व परंपरागत भक्तिभाव, हर्षोल्लास व शालीनता के साथ मनाए जाने के निर्देश दिए हैं।

सीएम ने प्रदेश भर में कृष्णलीला, झांकी और शोभायात्रा के आयोजनों के दौरान वहां सुरक्षा, सफाई व अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से करने के आदेश दिए हैं। इसके अतिरिक्त भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल के प्रबंध करने के भी निर्देश दिए हैं। सीएम योगी के निर्देशों का अनुपालन करते हुए उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा के महानिदेशक पीवी रामा शास्त्री ने प्रदेश के समस्त कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को परंपरागत रूप से मनाए जाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

शोभायात्रा के दौरान वीडियोग्राफी कराएं



### श्रीकृष्ण जन्मस्थली पर बरती जाए विशेष सतर्कता

*सीएम योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी पर्व को लेकर रविवार को अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी श्रद्धा एवं धूम-धाम से मनाया जाता है, जिसमें सम्मिलित होने के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मथुरा नगर स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह मस्जिद स्थल अत्यंत संवेदनशील है। यह स्थल आईएसआई व विभिन्न आतंकवादी संगठनों के निशाने पर भी है। इसको देखते हुए भी विशेष सतर्कता एवं समुचित पुलिस प्रबंध किए जाएं।*

### न उत्पन्न हो विवाद की स्थिति

सीएम योगी ने पूजा अर्चना, शोभायात्रा के दौरान किसी भी तरह के विवाद की स्थिति न बने, इसको लेकर भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विवादित स्थलों पर झांकियों को सजाने, शोभायात्रा के मार्ग में विवाद एवं नए मार्गों को लेकर अक्सर विवाद देखने को मिलते हैं। ऐसी स्थिति कहीं भी न बने, इसके लिए संवेदनशीलता के साथ सभी आवश्यक प्रबंध किए जाने चाहिए। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा को देखते हुए वीडियोग्राफी कराई जाए। सभी कार्यक्रम स्थलों के आसपास तथा शोभायात्रा के मार्ग पर स्थित सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील कराया जाए। महत्वपूर्ण संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरा से भी चेकिंग कराई जाए।

### आयोजनों की सूची तैयार करें

सीएम योगी ने निर्देश दिए कि समस्त जनपदों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से संबंधित समस्त आयोजन, लीला स्थल, पंडाल, मंदिर एवं शोभायात्राओं को सूचीबद्ध कर योजनाबद्ध पुलिस की व्यवस्था की जाए। साथ ही समस्त आयोजनों में आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित संख्या का आंकलन करते हुए सुदृढ़ सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। सीएम ने कहा कि किसी नई परंपरा की अनुमति कदापि न दी जाए। असामाजिक, साम्प्रदायिक तत्वों की सूची को अपडेट करें और आवश्यकता पड़ने पर इन साम्प्रदायिक एवं अवांछनीय तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपदीय प्रभारी द्वारा प्रभावी सुरक्षा और यातायात प्रबंधन किया जाए।

## बिहार में प्रशांत किशोर का बड़ा ऐलान

# सभी 243 सीटों पर लड़ेंगे, 40 पर उतारेंगे महिला उम्मीदवार

मुंबई हलचल / पटना




जनसुराज के संस्थापक और चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने रविवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि जनसुराज 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और 40 महिलाओं को उम्मीदवार बनाएगी।

साथ ही 2030 में जब बिहार में चुनाव होंगे तो जनसुराज के प्लेटफॉर्म से प्रशिक्षित करके 70 से 80 महिलाओं को नेत्री बनाने का अभियान जारी रखा जाएगा। यह बातें पीके ने पटना के बापू सभागार में आयोजित जन सुराज महिला संवाद कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान कही। प्रशांत किशोर ने कहा कि जब तक महिलाओं को आर्थिक आजादी नहीं मिलेगी, तब तक उनकी भागीदारी समाज में समानता के आधार पर नहीं हो सकती है। इसीलिए इस बार के चुनाव में 40 महिलाओं को कैंडिडेट के तौर पर खड़ा किया जाएगा। और पहला लक्ष्य उन चालीस महिलाओं को विधानसभा पहुंचना है। इसके अलावा 4 फीसदी ब्याज पर सरकारी गारंटी पर महिलाओं को रोजी रोटी कमाने और व्यापार करने के लिए पैसा मिले। ये प्रस्ताव भी आज महिला संवाद में पास हुआ है। उन्होने कहा कि इस बार बिहार में जनता की सरकार बनने वाली है। बता दें 2 अक्टूबर को जन सुराज पार्टी के गठन का ऐलान किया जाएगा।

### कांग्रेस ने क्यों नहीं करवाई जातीय जनगणना?

प्रशांत किशोर ने कहा कि राहुल गांधी को सबसे पहले यह बताना चाहिए कि जाति जनगणना से अगर गरीबी दूर होती तो बिहार में गरीबी दूर क्यों नहीं हुई? उन्होंने कहा कि 60 साल तक कांग्रेस की सरकार देश में थी। इस दौरान जाति जनगणना करवाकर देश की गरीबी को उन्होंने दूर क्यों नहीं करवाई? हम तो यही कहेंगे कि जिन-जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है उन सभी राज्य में जाति जनगणना करवाकर वहां की गरीबी दूर करवा लें। वहीं तेजस्वी यादव के अपराध पर नीतीश सरकार को घेरने के सवाल पर पीके ने कहा कि जब वो 6 महीने पहले महागठबंधन की सरकार में डिप्टी सीएम थे, तब उनको बिहार स्विजरलैंड नजर आता था। और अब सरकार से बाहर हैं तो कत्लखाना नजर आ रहा है। अभी नीतीश कुमार फिर से महागठबंधन के साथ आ जाएं तो फिर से बिहार उन्हें ठीक लगने लगेगा।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पीडीपी ने जारी किया अपना घोषणा पत्र

# महबूबा का वादा, बिजली, राशन, पानी, सिलेंडर सब मिलेगा मुफ्त, यूएपीए कानून का होगा खात्मा

मुंबई हलचल / जम्मू

आर्टिकल 370 हटने के बाद अब पहली बार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। सभी दलों ने एड़ीचोटी का जोर लगा दिया है। पार्टियों का घोषणापत्र भी तैयार हो रहा है। शनिवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने सबसे पहले अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। मुफ्ती ने क्षेत्र के लोगों के बीच महसूस की जा रही घुटन का जिक्र किया। उन्होंने यूएपीए और शत्रु अधिनियम जैसे विवादास्पद कानूनों को समाप्त करने की बात कही।

इस घोषणापत्र की खास बात है कि महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए जिसमें 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने सहित कई वादे किए गए हैं। श्रीनगर में महबूबा मुफ्ती ने अपने घोषणापत्र में क्षेत्र में शांति और न्याय के लिए एक दृष्टिकोण की रूपरेखा पेश करने की बात कही है। उन्होंने अपनी पार्टी के घोषणापत्र के प्रमुख घटकों के रूप में सुलह, संवाद और नीतिगत सुधारों पर जोर दिया। जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से 1 अक्टूबर तक तीन चरणों में मतदान होगा और 4 अक्टूबर को मतगणना होगी।

**चुनाव 18 सितंबर से 1 अक्टूबर तक तीन चरणों में होंगे**

### नेकां-कांग्रेस का गठबंधन सिर्फ सीटों के लिए

महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जब हमने पहले भी गठबंधन किया था, तब भी हमारे पास एक एजेंडा था, जब हमने भाजपा के साथ गठबंधन किया था, तब भी हमारे पास एक एजेंडा था जिस पर वे सहमत थे। अब नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच गठबंधन एजेंडे पर नहीं हो रहा है। यह सीट बंटवारे पर हो रहा है। हम ऐसा कोई गठबंधन नहीं करेंगे जिसमें केवल सीट बंटवारे की बात हो। गठबंधन एजेंडे पर होना चाहिए और हमारा एजेंडा जम्मू-कश्मीर की समस्या का समाधान करना है।



### पीडीपी का कोई गठबंधन नहीं : महबूबा मुफ्ती

नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के साथ सहयोग की संभावनाओं पर बोलते हुए मुफ्ती ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी गठबंधन को कश्मीर मुद्दे को हल करने पर केंद्रित साझा एजेंडे पर आधारित होना चाहिए, न कि केवल चुनावी लाभ के लिए। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने स्पष्ट किया कि वह किसी के साथ गठबंधन में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी केवल सीट-बंटवारे की व्यवस्था के आधार पर गठबंधन बनाने में दिलचस्पी नहीं रखती है।

*हमारा एजेंडा अपनाएं तो गठबंधन : गठबंधन और सीट बंटवारा दूर की बातें हैं। अगर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस हमारा एजेंडा अपनाने के लिए तैयार हैं, तो हम कहेंगे कि उन्हें सभी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए, हम उनका पालन करेंगे क्योंकि मेरे लिए कश्मीर की समस्या का समाधान किसी भी अन्य चीज़ से ज़्यादा महत्वपूर्ण है।*

### पीडीए के घोषणापत्र की मुख्य बातें

- **मुफ्त बिजली:** पीडीपी ने 200 यूनिट तक मुफ़्त बिजली देने का वादा किया है।
- **जल कर उन्मूलन:** पार्टी ने वॉटर टैक्स को समाप्त करने और जल मीटर हटाने की योजना बनाई है।
- **मुफ़्ती मोहम्मद सईद योजना का पुनरुद्धार:** 1 से 6 सदस्यों वाले गरीब परिवारों की सहायता के लिए इस योजना को फिर से लागू किया जाएगा। इसके तहत उन्हें पर्याप्त चावल और राशन दिया जाएगा।
- फ्री एलपीजी सिलेंडर: गरीब परिवारों को हर साल 12 मुफ़्त एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे।
- **सामाजिक सुरक्षा में वृद्धि:** वृद्धावस्था, विधवाओं और अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभों के लिए पेंशन दोगुनी की जाएगी।
- **दम घोंटने वाले कानूनों को समाप्त करना:** पीडीपी ने टीएसए, यूएपीए और शत्रु अधिनियम को समाप्त करने का वादा किया है जिसके तहत पत्रकार, राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता और अन्य लोगों को गिरफ़्तार किया जा सकता है।

# बिभव की बढ़ीं मुश्किलें, 13 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बिभब कुमार को अभी तिहाड़ जेल में ही रहना होगा। तीस हजारी कोर्ट ने आप सांसद स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में शनिवार को बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 13 सितंबर तक बढ़ा दी। बिभव कुमार पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज हैं। अगली सुनवाई में बिभव कुमार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही पेश किया जाएगा।

मामले की सुनवाई के दौरान, न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने बिभव कुमार की याचिका पर जांच अधिकारी से जवाब मांगा। दरअसल, बिभव कुमार ने अपने वकील को मुहैया कराई गई चार्जशीट और अन्य दस्तावेजों के उचित पेजिनेशन की मांग की थी। बिभव कुमार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। 16 जुलाई को 500 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी, जिसे अदालत ने 30 जुलाई को स्वीकार कर लिया था।

### स्वाति मालीवाल मारपीट केस




*लगातार खारिज हो रहीं जमानत याचिकाएं : बिभव कुमार की जमानत याचिकाएं निरंतर खारिज होती रही हैं। निचली अदालत और हाईकोर्ट दोनों ने उनकी याचिकाएं ठुकरा दी हैं। स्वाति मालीवाल ने 18 मई को बिभव कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में 100 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की है और 50 लोगों को गवाह बनाया है।*

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर लाउड-स्पीकर से लगे भारत विरोधी नारे

मुंबई हलचल / गुवाहाटी

भारत-बांग्लादेश के बॉर्डर पर तनाव बढ़ गया है। कुछ लोगों ने भारत विरोधी नारे लगाए। ये घटना तब घटी जब असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के करीमगंज दौरे के दौरे पर भारत-बांग्लादेश सीमा पर थे। जकीगंज इमिग्रेशन पोस्ट पर तैनात बांग्लादेशी नागरिकों ने लाउडस्पीकर से भारत के खिलाफ भड़काऊ नारे लगाए। रिपोर्ट के मुताबिक, इन लोगों ने नारे लगाते हुए कहा, जिनके घर बांग्लादेश में हैं, उन्हें तुरंत भारत छोड़ देना चाहिए। भारतीय सामानों का बहिष्कार करें।

यह घटना बांग्लादेश में हाल ही में हुए राजनीतिक उथल-पुथल के बाद हुई। खासकर प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट के बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और हिंदुओं पर अत्याचार की तमाम घटनाएं सामने आई हैं, जो भारत-बांग्लादेश संबंधों में बढ़ते तनाव को दर्शाती हैं।



- सीएम सरमा ने किया था बॉर्डर का दौरा
- भारतीय सामान का बहिष्कार करने की अपील

### अंतरिम सरकार बोली, पूजा-उपवास में समस्या नहीं

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के धार्मिक मामलों के सलाहकार डॉ. ए एफ एम खालिद हुसैन ने कहा है कि देश में एक ही समय में उपवास और पूजा करने में कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की छवि खराब करने के लिए कुछ विदेशी मीडिया में भी दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हुसैन ने बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए सभी से सहयोग मांगा।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों की तादाद बढ़ रही

इससे पहले 20 अगस्त को पुलिस ने अली हुसैन को गिरफ्तार किया था, जो कथित तौर पर बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश कराने में शामिल एक दलाल है। हुसैन को दक्षिण सलमारा जिले के हाजीरहाट गांव में पैसे के बदले नदी के किनारे से लोगों की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उस पर घुसपैठियों को शरण देने और भारत में घुसपैठ करने में मदद करने का भी आरोप है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# भाजपा एक सितंबर से नए सदस्य बनाएगी

## दक्षिण जिले में 2 लाख नए सदस्य बनाए जाएंगे

**भाजपा** एक सितंबर से सदस्यता अभियान का पहला चरण शुरू करेगी। पार्टी ने इस अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में तीन करोड़ से अधिक नए सदस्य बनने का लक्ष्य तय किया है। सदस्यता अभियान का पहला चरण एक से 25 सितंबर और एक से 15 अक्टूबर तक दूसरा चरण चलेगा। ये बातें भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी अनूप गुप्ता ने भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशाला में कहीं। शनिवार को केशव नगर स्थित भाजपा के क्षेत्रीय मुख्यालय में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री, सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी एवं कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर दक्षिण जिले में सदस्यता अभियान की कार्यशाला का शुभारंभ किया। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने प्रतीक चिन्ह देकर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता का स्वागत किया। कार्यशाला में प्रदेश, क्षेत्र, जिला पदाधिकारी,पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा जिलाध्यक्ष,महामंत्री, जिला एवं मंडल सदस्यता टीम, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष/ सदस्य,ब्लॉक प्रमुख, पार्षद आदि मौजूद रहे। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने कहा कि संगठन की शक्ति का आधार सदस्यता है।भाजपा राजनीतिक सुख हासिल करने के लिए राजनीति नहीं करती है पार्टी का उद्देश्य भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए संघर्ष करना है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के लिए मिस्ड कॉल नंबर 8800002024 जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर मिस्ड कॉल के माध्यम से पार्टी का सदस्य बन सकता है। इसके अलावा इस बार क्यूआर कोड और नमो ऐप को भी सदस्यता अभियान में शामिल किया गया है यानी कोई भी व्यक्ति क्यूआर कोड को स्कैन कर या फिर नमो ऐप पर जाकर भाजपा का सदस्य बन सकता है। इसी प्रकार भाजपा की आधिकारिक वेबसाइट bjp.org के माध्यम से भी सदस्य बना जा सकता है। नई तकनीक से वंचित व्यक्ति के लिए फिजिकल फॉर्म भरकर सदस्य बनने का पुराना तरीका भी जारी रहेगा। एक सितंबर से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान की प्रक्रिया 30 नवंबर तक चलेगी। एक सितंबर से 25 सितंबर तक पहला चरण और एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान का दूसरा चरण चलेगा। इसके बाद 16 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता का अभियान चलेगा। एक नवंबर से 10 नवंबर तक प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यता का रजिस्टर तैयार किया जाएगा। अनूप गुप्ता ने कहा कि 1 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी सदस्य बनेंगे। 2 व 3 सितंबर को सभी राज्यों के मुख्यमंत्री,




उपमुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष सदस्य बनेंगे। 4 व 5 सितंबर को जिले के सभी जनप्रतिनिधि जिला स्तर पर एक जगह इकट्ठा होकर सदस्य बनेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान में सांसद व महापौर 20 हजार, विधायक 10 हजार, पार्षद एक हजार,जिला पदाधिकारी 500 नए सदस्य बनाएंगे। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 100 सदस्य बनाना अनिवार्य होगा एवं 100 की धनराशि नमो ऐप के माध्यम से भुगतान करना होगा। एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही सदस्य बनेगा। जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी होगा। इसका मूल उद्देश्य भाजपा की राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को जनता के बीच पहुंचाना है। पार्टी कार्यकर्ता घर घर संपर्क कर सदस्यता अभियान में जुटें। उन्होंने कहा कि पार्टी दक्षिण जिले में 2 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। पार्टी घर घर जाकर प्रत्येक बूथ पर 200 नए सदस्य बनाएगी। प्रमुख बाजारों, रेलवे स्टेशन बस स्टेशन, कचहरी, विश्व विद्यालय, महाविद्यालयों में संपर्क के अलावा सामाजिक संगठन सभी सामाजिक वर्ग युवा, महिला, उद्यमी, किसान , अधिवक्ता, रिटायर्ड अधिकारी आदि कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलाएंगे। सदस्यता अभियान के लिए 25,26 व 27 अगस्त तक मंडल स्तर पर कार्यशालायें आयोजित की जाएंगी। मंडल स्तर पर पांच सदस्यीय टीम बनाई गई है। 31 अगस्त को सभी बूथों पर एक साथ बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन की सदस्यता ही संगठन की आत्मा है।संगठन चुनाव हमारे लिए संगठन पर्व है। पार्टी की सदस्यता हमारी विचारधारा की प्रक्रिया है। कार्यशाला में जिला मंत्री जसविंदर सिंह ने एक बड़ी एलईडी पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी दी कार्यशाला की अध्यक्षता दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह एवं संचालन जिला महामंत्री प्रबोध मिश्रा ने किया। भाजपा मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि 16 अक्टूबर से 31अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा।दक्षिण जिले में पूर्व जिलाध्यक्ष कौशल किशोर दीक्षित, जिला मंत्री जसविंदर सिंह, अर्जुन बेरिया व विजय अवस्थी को सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि जिला कार्यशाला में सदस्यता अभियान की प्रक्रिया, नियम, तकनीक और समय सारणी पर विस्तार से बताया गया। प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री बालचंद्र मिश्र,विधायक महेश त्रिवेदी,जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण,जिला सदस्यता प्रभारी कौशल किशोर दीक्षित, सुनील तिवारी, रामदेव शुक्ल, राधेश्याम पांडे,राम बहादुर यादव, सुनील नारंग,ब्लॉक प्रमुख विजय रत्ना तोमर, रघुनंदन भदौरिया प्रकाश वीर आर्य,मनीष त्रिपाठी आदि रहे।

## मोदी ने 'मन की बात' में स्टार्टअप से लेकर स्पेस तक की कि चर्चा

### विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि मन की बात से हमें जीवन में आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 113वा एपिसोड रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित हुआ। भाजपाइयों ने उक्त कार्यक्रम दक्षिण के सभी बूथो पर ध्यानपूर्वक सुना व देखा।प्रधानमंत्री मोदी ने इस एपीसोड में स्टार्टअप से लेकर स्पेस तक की चर्चा की। नंदलाल चौराहे पर एक बड़ी स्क्रीन में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को विधायक महेश त्रिवेदी एवं जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह के साथ सैकड़ो भाजपाईयों ने देखा व सुना। मोदी ने इस एपीसोड में अंतरिक्ष जगत से जुड़े युवाओं से बात की, उन्होंने अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान 3 को लेकर भी बात की। युवाओं के राजनीति में आगे आने को लेकर कहा कि उनका अनुभव व जोश देश के काम



आएगा। हर घर तिरंगा अभियान पर उन्होंने कहा कि इस बार यह अभियान अपनी पूरी ऊंचाई पर रहा। विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम से हम सभी को चाहे वह बुजुर्ग नौजवान या महिला हो जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। यह कार्यक्रम केवल भाजपाइयों का नहीं बल्कि जन-जन का कार्यक्रम बन गया है। जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि जीवन में निराश, हताश हो चुके लोगों में भी मन की बात कार्यक्रम एक नयी ऊर्जा का संचार उनमे करता है और उनकी निराशा को दूर कर जीवन में सकारात्मक का भाव बढ़ता है। मन की बात कार्यक्रम को विधायक महेश त्रिवेदी,जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह के अलावा जिला महामंत्री सुनील नारंग, प्रकाश वीर आर्य, पार्षद नवीन पंडित,राजेश श्रीवास्तव, गौरव तिवारी,पंकज शुक्ला, बृजेश तिवारी ,राहुल तिवारी अखिलेश अवस्थी, राजेश बाजपेयी,अशोक त्रिपाठी,पार्षद विधा वर्मा आदि ने सुना।

# जी मिचलाने की परेशानी को दूर करेंगे ये उपाय

कई बार लजीजदार खाने के चक्कर में लोग जरूरत से ज्यादा खा लेता हैं। जो बाद में पचाने में परेशानी होती है। जिससे जी मचलाने और घबराहट की परेशानी होने लगती है। कई बार गलत खान-पान और ज्यादा देर भूखे रहने से भी जी मिचलाने लगता है। दवाइयां खाने से बेहतर है कि कुछ घरेलू उपाय अपना कर भी इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

**1. नींबू**
नींबू में पाया जाने वाला सिट्रिक एसिड जी मिचलाने से राहत दिलाता है। एक नींबू काटकर इसकी खूशबू लें। यह जी मिचलाने की भावना को कंरता है।

**2. पिपरमिंट**
पेट में गड़बड़ी होने पर पुदीने खाने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा सूती कपड़े पर पिपरमिंट तेल लगाकर मसूढ़ों पर लगाने से जी मिचलाने की परेशानी दूर हो जाती है।

**3. अदरक**
अदरक सेहत से जुड़ी बहुत सी परेशानियों को कम करने का काम करता है। जी मिचलाने पर अदरक वाली चाय पीने से भी फायदा मिलता है।



**4. बेकिंग सोड़ा**
रसोई में इस्तेमाल होने वाला बेकिंग सोड़ा जी मिचलाने का समस्या से राहत दिलाने में मददगार है। जी मिचलाने के लिए आधा छोटा चम्मच बेकिंग सोड़ा पानी में घोलकर पी लें। यह पेट का पी एच एसिड में बदलाव करता है। जिससे घबराहट और जी मिचलाने की परेशानी दूर हो जाती है।

**5. मेडिटेशन**
यह प्रक्रिया शरीर से जुड़ी बहुत सी समस्याओं पर नियंत्रण रखने का काम करती है। तनाव,घबराहट या फिर किसी तरह की कोई परेशानी महसूस करें तो मेडिटेशन का सहारा लें। इससे आप खुद को तंदुरुस्त महसूस करेंगी।

# पूरी रात चेहरे पर लगाकर रखें यह सीरम, फिर देखिए कमाल

चेहरा भले ही कितना ही गोरा क्यों न हो लेकिन जब तक उसपर ग्लो नहीं आता, तब तक चेहरे की खूबसूरती फीकी है। लड़कियां अपने चेहरे पर ग्लो लाने के लिए कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट और मार्कीट में मिलने वाली सीरम का इस्तेमाल करती है, जिनमें कई तरह के कैमिकल्स मिले होते हैं जो चेहरे को फायदे की जगह नुकसान पहुंचा सकते है। ऐसे में आप घर पर बने कैमिकल्स फ्री सीरम का इस्तेमाल करें जिससे चेहरे पर गजब का ग्लो आएगा। आइए जानते है होममेड फेस सीरम बनाने की तरीका।



**जरूरी सामग्री**
- गुलाब की पत्तियां
- 3-4 बड़े चम्मच दूध
- 1 बड़ा चम्मच ग्लिसरीन
- 2 विटामिन ई कैप्सूल
- 1 चम्मच पैट्रोलियम जैली
- 5 चम्मच एलोवेरा जैल

**विधि**
सबसे पहले एक मिक्सी में गुलाब की पत्तियां डालकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को छलनी में छान लें। अब गुलाब की पत्तियों के रस में दूध, ग्लिसरीन, विटामिन ई कैप्सूल पैट्रोलियम जैली डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। फिर इस पेस्ट को एलोवेरा जैल में मिला लें और फिर से अच्छे से मिक्स करें। फिर इसको सोने से पहले चेहरे और हाथों पर लगाएं और पूरी रात ऐसे ही लगा रहने दें। इससे चेहरे पर गजब का ग्लो आएगा और चेहरे की रंगत निखर जाएगी।



# फटे होंठों से लेकर पाउटी लिप्स तक के घरेलू नुस्खे

खूबसूरत चेहरे और आंखों के साथ-साथ होंठों का भी अहम रोल होता है लेकिन होंठों का कालापन चेहरे की खूबसूरती में ग्रहण का काम करता है। ऐसे में लड़कियां अपने होंठों का खूबसूरत औक मुलायम बनाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करती है। कई ट्रीटमेंट का सहारा लेती है। अगर आप भी अपने होंठो को खूबसूरत और सेक्सी लुक देना चाहती है तो आज हम आपको कुछ गरेलू टिप्स बताएंगे, जो होंठों से जुड़ी हर प्रॉबल्म को मिनटों में दूर कर देंगे।

- होंठों का कालापन दूर करें
अगर आप अपने होंठों नैचुरली गुलाबी बनाना चाहती है तो नींबू के रस में शहद मिला लें। इसे 1 घंटे तक होंठों पर लगा कर रखें। फिर किसी मुलायम और गीले कपड़े से होंठों को साफ करें। इससे होंठों का कालापन दूर होगा।

- फटे होंठो के लिए नुस्खा
अगर आपके होंठ फटे हुए रहते है तो सोने से पहले ग्लिसरीन को होंठों पर लगाएं। इससे कुछ ही दिनों में होंठ पिंक और मुलायम हो जाएगे। इसके अलावा ऐलोवेरा जैल लेकर अपने होंठों पर तब तक लगाएं जब तक वह सूख ना जाए।

- पाउटी लिप्स के लिए टिप्स
पाउटी लिप्स का इन दिनों काफी क्रेज है। कुछ लड़कियां तो सर्जरी के सहारे अपने होंठों को उभरे हुए दिखाना चाहती है। अगर आप भी उन्ही लड़कियों जैसी ख्वाहिश रखती है तो बाउल में सफेद या ब्राउन शुगर डाल लें। फिर इसमें अदरक के छोटे-छोटे टुकड़े काटकर मिलाएं और पुराने ब्रश की मदद से होंठों पर लगाएं और सकुर्लेशन मोशन में घुमाएं।

# सिर पर फिर से लहराएंगे बाल, गंजेपन के सस्ते और असरदार नुस्खे

बाल हमारी पर्सनैलिटी का एक अहम हिस्सा है। बालों के बिना खूबसूरत से खूबसूरत चेहरा भी फिका पड़ जाता है। आजकल के समय में हर कोई बालो से जुड़ी किसी न किसी समस्या से परेशान नजर आता है जिसमें झड़ते बालों की समस्या हर किसी को होती है। कई बार तो गंजेपन का सामना तक करना पड़ता है। गंजेपन के कई कारण हो सकते है जैसे तनाव, गर्भावस्था में होना,शरीर में पोषक तत्वों की कमी ,वजन का कम होना अन्य आदि कई समस्याएं हो सकती है। गंजापन केवल महिलाओं की ही नहीं बल्कि पुरुषों की भी समस्या है जिससे छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के ट्रीटमेंट और ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का सहारा लेते है जिनका परिणाम कुछ खास निकल कर नहीं आता। अगर आप भी झड़ते बालों या गंजेपन से निजात पाने की हर मुमकिन कोशिश कर चुके है तो घबराएं नहीं। आज हम आपको कुछ घरेलू तरीके बताएंगे जिनकी मदद से आप गंजेपन से हमेशा के लिए छुटकारा पा सकते है।

**1. शहद और दालचीनी**



थोड़ा सा ऑलिव ऑयल लेकर उसे गर्म कर लें। फिर इसमें दालचीनी और शहद मिला लें। इस मिश्रण से बालों की मसाज करें और 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। फिर बालों को धो लें।

**2.कलौंजी और पानी**
सबसे पहले कलौंजी को अच्छे से पीस लें। एक बाउल लेकर उसमें थोड़ा-सा पानी मिलाकर पिसी हुई कलौंजी को डाल दें। अब इस मिश्रण को उबाल लें। फिर इस पानी के ऊपर तैर रहे तेल को किसी शीशी में इकट्ठा करें। इस तेल को रोजाना बालों पर लगाएं।




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# परवीन बाबी का किरदार निभाएंगी उर्वशी रौतेला




**उर्वशी रौतेला** जल्द ही दिवंगत एक्ट्रेस परवीन बाबी की बायोपिक में नजर आएंगीं। इस बीच रविवार को एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर अपकमिंग फिल्म से जुड़ा अपडेट शेयर किया। फिल्म की स्टोरी लाइन शेयर करते हुए उर्वशी ने नए प्रोजेक्ट की कंफर्मेशन दी, वहीं पोस्ट के जरिए उन्होंने बॉलीवुड पर निशाना भी साधा। दरअसल उर्वशी ने फिल्म की स्क्रिप्ट शेयर की है, जिसपर लिखा है- फिल्म बाय वसीम एस खान। इसके आगे पन्ने पर बोल्ड लेटर्स में परवीन बाबी का नाम लिखा हुआ है। साथ ही दो पैराग्राफ हैं, जिसमें लिखा है कि ये फिल्म एक्ट्रेस के करियर के साथ-साथ उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में बताएगी। उनके सुनहरे पलों को पर्दे पर दिखाएगी। पोस्ट शेयर करते हुए उर्वशी ने लिखा- बॉलीवुड फेल हो गया, लेकिन मैं आपको प्राउड फील कराऊंगी। ॐ नमः शिवाय। नई शुरूआत के जादू पर भरोसा करें। फैंस उर्वशी को परवीन बाबी के किरदार में देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। उर्वशी का पोस्ट सोशल मीडिया पर बेहद सुर्खियों में है। लोग एक्ट्रेस को परवीन के गेटअप में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक फैन ने कमेंट सेक्शन में लिखा- परवीन बाबी पर फिल्म बनाने के लिए शुक्रिया। दूसरे फैन ने कहा- आपको इस किरदार में देखने का इंतजार नहीं कर सकता।



# 'हर रोज खुद को कमरे में बंद कर लेती थी'



**नोरा फतेही** ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अपने स्ट्रगल के दिनों पर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि वे दूसरी लड़कियों की तरह पार्टी नहीं करती थीं बल्कि रोज खुद को एक रूम में बंद करके अपनी स्किल्स पर काम करती थीं। नोरा ने बताया कि उन्होंने अपनी बेसिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कई तरह के काम किए। अपनी डांसिंग स्किल्स को और बेहतर बनाने के लिए उन्होंने हुक्का बार में भी काम किया है। नोरा बोलीं- मुझे जो भी मौके मिले एकदम आखिरी वक्त पर मिले और मैं शुक्रगुजार हूं कि मैं हर मौके के लिए पहले से ही तैयार थी। नोरा ने कहा, मैं घर से बाहर नहीं जाती थी। बाकी लड़कियों की तरह पार्टी नहीं करती थी। खुद को हर रोज एक कमरे में बंद करके अपनी हिंदी पर काम करती थी और टीवी देखकर डांस प्रैक्टिस करती थी। इसके चलते मैंने अपने भाई की शादी, उसका बर्थडे और बहुत कुछ मिस किया। कई लोग मुझसे पूछा करते थे- क्या तुम अगली कटरीना कैफ बनना चाहती हो?

# 'एक दिन के लिए 400 रुपये क्यों खर्च करना'

**सारा अली खान** भले ही बड़ी स्टार हैं, लेकिन वे आज भी एक-एक पैसे बचाने में यकीन रखती हैं। सारा का आईफा अवॉर्ड्स के दौरान का एक वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में सारा कहती हैं कि वे काफी कंजूस हैं। सारा ने कहा कि वे अबुधाबी आईं तो उन्हें रोमिंग लेने की सलाह मिली। हालांकि रोमिंग के चार्जेस बहुत महंगे थे। सारा ने कहा कि अबुधाबी में रोमिंग का चार्ज 400 रुपए डेली के हिसाब से लग रहा था। उन्होंने सोचा कि एक दिन के लिए इतने पैसे क्यों खर्च किए जाएं। इसलिए उन्होंने अपने हेयरड्रेसर से इंटरनेट लेकर काम चलाया। सारा ने कहा- जब मैं अबुधाबी आई तो डायरेक्टर दिनेश विजान का मेरे पास एक वॉयस नोट आया। उसमें उन्होंने कहा कि 400 रुपए में रोमिंग आती है, इसे ले लेना। मैंने सोचा कि सिर्फ एक दिन के लिए इतना चार्जेस क्यों देना। मैंने वहां मौजूद लोगों से पूछा कि रोमिंग के कितने चार्जेस लगते हैं। किसी ने कहा कि 10 दिन के लिए 3000 रुपए चुकाने होंगे। मैंने सोचा कि मैं तो यहां सिर्फ एक दिन के लिए आई हूं, फिर दस दिन के लिए पैसे क्यों देना। सारा ने आगे कहा कि उन्होंने रिचार्ज कराने की जगह अपने हेयरड्रेसर से हॉटस्पॉट लेकर काम चला लिया।